# मध्यप्रदेश समसामयिकी

## 2nd August 2024

### लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार

केंद्रीय मंत्री **डॉ. जितेंद्र सिंह** को चेन्नई में आयोजित **"अंतर्राष्ट्रीय 2024" बैठक के दौरान प्रतिष्ठित "लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड"** से सम्मानित किया गया।




**मुख्य बिंदु –**

- केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह को भारत और विदेश के प्रतिष्ठित चिकित्सा हस्तियों, पेशेवरों और चिकित्सकों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के अवसर पर आयोजित एक भव्य समारोह में मधुमेह विज्ञान, मधुमेह देखभाल और मधुमेह अनुसंधान के विकास के प्रति उनके अनुकरणीय समर्पण के लिए प्रतिष्ठित **"लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड"** से सम्मानित किया गया।

**चेन्नई लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार के बारे में -**

- तमिलनाडु लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार 60 वर्ष से अधिक आयु के वैज्ञानिक/शिक्षाविद को दिया जाता है।
- पुरस्कार के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किया हो, जो समाज के लिए उपयोगी हो।

### जो रूट टेस्ट क्रिकेट में 12000 से अधिक रन बनाने वाले सातवें बल्लेबाज बने

इंग्लैंड के बल्लेबाज **जो रूट टेस्ट क्रिकेट में 12,000 से अधिक रन** बनाने वाले दुनिया के 7वें और इंग्लैंड के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। रूट वर्तमान में सक्रिय टेस्ट क्रिकेटरों में 12,000 से अधिक रन बनाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं।



**मुख्य बिंदु –**

- टेस्ट क्रिकेट में पूर्व भारतीय बल्लेबाज़ सचिन तेंदुलकर ने 200 मैचों में सबसे अधिक 15,921 रन बनाए हैं।
- रूट ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ों की सूची में ब्रायन लारा को पीछे छोड़ दिया।
- रूट ने लारा के 11953 टेस्ट रनों को पीछे छोड़ा और बाद में खेल के इतिहास में 12000 टेस्ट रन पूरे करने वाले सिर्फ़ सातवें बल्लेबाज़ बन गए।

### शूटर स्वप्निल कुसाले ने पेरिस ओलंपिक्स में जीता भारत का तीसरा कांस्य पदक

भारत के 28 वर्षीय निशानेबाज **स्वप्निल कुसाले** ने पेरिस ओलंपिक में भारत को तीसरा कांस्य पदक दिलाया है।



**मुख्य बिंदु –**

- कुसाले ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन स्पर्धा में 451.4 अंक के साथ पदक जीता।
- पहली बार किसी भारतीय निशानेबाज ने 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन स्पर्धाओं में ओलंपिक पदक जीता है।
- इस तरह भारत को पेरिस ओलंपिक, 2024 में अपना तीसरा पदक मिला। इससे पहले मनु ने सरबजोत सिंह के साथ व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीता था।

पेरिस 2024 में नए खेल शामिल हुए हैं- **ब्रेकिंग (ओलंपिक में पदार्पण), स्पोर्ट क्लाइम्बिंग, स्केटबोर्डिंग और सर्फिंग।**

### केंद्रीय जल आयोग ने नई दिल्ली में ग्लोबल वाटर टेक समिट-2024 में 'वाटर डिपार्टमेंट ऑफ द ईयर' श्रेणी के तहत जीईईएफ ग्लोबल वाटरटेक पुरस्कार जीता है।

केंद्रीय जल आयोग (CWC) को नई दिल्ली में **ग्लोबल एनर्जी एंड एनवायरनमेंट फाउंडेशन (GEEF)** द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित **ग्लोबल वाटर टेक समिट-2024 में 'वर्ष का जल विभाग'** श्रेणी के तहत जीईईएफ ग्लोबल वाटरटेक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।



ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH

### मुख्य बिंदु –

- वैश्विक पुरस्कार जल क्षेत्र में अनेक श्रेणियों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण उपलब्धियों को मान्यता प्रदान करते हैं, तथा जल, सीवर के पानी और विलवणीकरण क्षेत्रों में नवाचार, प्रौद्योगिकी, संरक्षण और निरंतर विकास से संबंधित पहलों को सम्मानित और पुरस्कृत करते हैं।
- ग्लोबल एनर्जी एंड एनवायरनमेंट फाउंडेशन ने जल-मौसम संबंधी डेटा संग्रह, बाढ़ पूर्वानुमान, जलाशय भंडारण निगरानी, जल गुणवत्ता निगरानी, तटीय क्षेत्र प्रबंधन, जल संसाधन परियोजनाओं के मूल्यांकन और निगरानी, तथा अंतर-राज्यीय जल मुद्दों के समाधान में केन्द्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया।
- शिखर सम्मेलन में पुरस्कार प्राप्त करते समय, **सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष श्री कुशविंदर वोहरा ने भारत में** जल संसाधन परिदृश्य का एक गहन अवलोकन प्रस्तुत किया।

## विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने टोक्यो के एडोगावा वार्ड में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने **टोक्यो** के **एडोगावा** वार्ड में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा का अनावरण किया, जिसमें गांधी की वैश्विक विरासत और शांति और अहिंसा के शाश्वत संदेश पर प्रकाश डाला गया। यह कार्यक्रम क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए जयशंकर की जापान यात्रा के समय हुआ।



### मुख्य बिंदु –

- प्रतिमा का अनावरण एडोगावा वार्ड में हुआ, यह एक महत्वपूर्ण भारतीय समुदाय का घर है और जिसे **"लिटिल इंडिया"** के रूप में जाना जाता है।
- इस कार्यक्रम में एडोगावा वार्ड के मेयर ताकेशी सैतो, विदेश मामलों के संसदीय उप मंत्री मासाहिरो कोमुरा और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।
- जयशंकर ने वैश्विक प्रतीक के रूप में गांधी की भूमिका पर जोर दिया, जिनकी अहिंसा और सतत विकास की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं।
- जयशंकर ने कहा कि गांधी के नेतृत्व में भारत की स्वतंत्रता वैश्विक उपनिवेशवाद के उन्मूलन के लिए उत्प्रेरक थी, जिसने **एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में स्वतंत्रता आंदोलनों** को प्रभावित किया।

## श्रीलंका 3 अगस्त को प्रतिष्ठित 'मद्रास-कोलंबो रेगाटा' के 83वें संस्करण की मेजबानी करेगा।




### मुख्य बिंदु –

- **श्रीलंका 3 अगस्त** को प्रतिष्ठित **मद्रास-कोलंबो रेगाटा के 83वें संस्करण** की मेजबानी करेगा।
- भारत और श्रीलंका के बीच यह सबसे पुरानी खेल प्रतियोगिता है।
- इसमें **मद्रास बोट क्लब और कोलंबो रोइंग क्लब** के प्रतिभागी अपनी रोइंग कौशल का प्रदर्शन करेंगे।
- आयोजन में गणमान्य व्यक्तियों, खेल प्रेमियों और क्लब के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में दर्शक भाग लेंगे।
- रेगाटा में 12 रोमांचक कार्यक्रम होंगे, जिनमें आठ पुरुषों और चार महिलाओं की प्रतियोगिताएं शामिल हैं। पुरुष वर्ग के विजेताओं को **प्रतिष्ठित दीपम ट्रॉफी** प्रदान की जाएगी, जबकि अडयार ट्रॉफी महिला चैंपियन को दी जाएगी।
- रेगाटा का मुख्य आकर्षण, बोट रेस ट्रॉफी पुरुषों के सीनियर चार के विजेताओं को प्रदान की जाएगी। 2023 में द रेगाटा को चेन्नई के मद्रास बोट क्लब में आयोजित किया गया था।

## मध्य प्रदेश राज्य में 553 पीएम श्री स्कूल

शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए **पीएम श्री योजना** के तहत केंद्र और राज्य के सहयोग से संयुक्त प्रयास किए जा रहे हैं। **वर्तमान में राज्य के 553 स्कूलों को पीएम श्री योजना** के तहत लिया गया है।



**मुख्य बिंदु –**

- पीएम श्री योजना के तहत राज्य के प्रत्येक विकास खंड से दो उच्चतर माध्यमिक, हाईस्कूल अथवा माध्यमिक और प्राथमिक विद्यालयों का चयन किया जा रहा है और इन विद्यालयों को इस तरह विकसित किया जा रहा है कि यह विद्यालय आस-पास के अन्य विद्यालयों के लिए उत्कृष्टता का उदाहरण बन सके।
- पीएम श्री विद्यालयों को वाटिका, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान, व्यावसायिक शिक्षा, खेल सुविधाएं, पुस्तकालय और प्रयोगशालाओं से सुसज्जित करने की व्यवस्था की जा रही है।
- इन स्कूलों में करीब 2 लाख 50 हजार विद्यार्थी नामांकित हैं और इन स्कूलों के लिए करीब 220 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की गई है।
- केंद्र सरकार के दूसरे चरण में 137 स्कूलों का चयन किया गया है। इसमें 13 मिडिल स्कूल, 52 हाई स्कूल और 72 हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं।
- इन पीएम श्री स्कूलों में 91 हजार 981 विद्यार्थी पंजीकृत हैं।

**लघु समाचार**

- हाल ही मे **OPEN AI ने searchGPT** लॉन्च किया है
- हाल ही में **'जर्नी टुवर्ड्स विकसित भारत'** नामक एक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया।
- राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 2-3 अगस्त को राष्ट्रपति भवन में राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी।
- हाल ही में **मसूद पेज़ेशकियान** ने औपचारिक रूप **ईरान** के **राष्ट्रपति** के रूप में शपथ ली है।
- सबसे अधिक चुना जाने वाला घरेलु FMCG ब्रांड **अमूल** बना है।
- हाल ही में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग ने डिजिटल गवर्नमेंट सीनियर लीडर्स प्रोग्राम के लिए भारतीय प्रबंधन संस्थान, **बंगलौर** के साथ साझेदारी की है।
- वियतनाम देश के प्रधानमंत्री **'फाम मिन्ह चिन्ह'** भारत की तीन दिन की राजकीय यात्रा पर दिल्ली पहुँचे हैं।
- **'लक्ष्मण प्रसाद आचार्य'** को 30 जुलाई को **असम राज्य का राज्यपाल** नियुक्त किया गया है।
- हाल ही में **गैर-कानूनी धर्म परिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन विधेयक)-2024 उत्तर प्रदेश राज्य विधानसभा द्वारा** पारित किया गया है।
- हाल ही में **पेरियार टाइगर रिजर्व (पीटीआर)** ने अपने जंगलों में वास्तविक समय निगरानी कैमरों और वाई-फाई कनेक्टिविटी के लिए बिजली उत्पन्न करने हेतु एक पवन टरबाइन स्थापित किया है।
- रूसी संघ की नौसेना की **328वीं वर्षगांठ पर मुख्य नौसेना परेड** में भाग लेने के लिए **INS, तबर भारतीय जहाज ने 25 जुलाई को सेंट पीटर्सबर्ग** पहुंचा।
- हाल ही में चर्चा में रहा **मेकेदातु संतुलन जलाशय परियोजना कर्नाटक राज्य** में स्थित है।
- प्रतिष्ठित रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री, लंदन के फेलो के रूप में डॉ. एस. श्रीधर भारतीय वैज्ञानिक को शामिल किया गया हैं।
- **भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था** का 2026 वर्ष तक देश के सकल घरेलू उत्पाद में **20% योगदान** होने की उम्मीद है।
- केंद्र सरकार ने **1983 बैच की सेवानिवृत आईएएस अधिकारी 'प्रीति सूदन'** को **संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) का नया चेयरमैन** नियुक्त किया है।
- 'लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर' को आर्मी की मेडिकल सर्विस का डायरेक्टर जनरल नियुक्त किया गया है।
- भारत 6 अगस्त से **तमिलनाडु** के सुलार में पहले बहुराष्ट्रीय वायुसेना अभ्यास **'तरंग शक्ति 2024'** की मेजबानी करेगा।
- पशुपालन और डेयरी विभाग ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक के राज्य और जिला नोडल अधिकारियों के लिए सॉफ्टवेयर और नस्लों पर **'21 वीं पशुधन गणना'** के क्षेत्रीय प्रशिक्षण का आयोजन किया है।
- **हरिभाऊ किसनराव बागडे** ने 31 जुलाई को **राजस्थान के राज्यपाल** के रूप में शपथ ली है।

## दैनिक करेंट अफेयर्स से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न

**1. हाल ही में किस संगठन ने सर्चजीपीटी लॉन्च किया है?**

(a) ओपन एआई
(b) माइक्रोसॉफ्ट
(c) मेटा
(d) ईमेल

**Ans. (a)**

**2. हाल ही में कौन सा संगठन सबसे अधिक चुना जाने वाला घरेलू एफएमसीजी ब्रांड बन गया है?**

(a) पांडा
(b) अमूल
(c) डिलाइट
(d) पारले

**Ans. (b)**

❍❍❍❍

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH